an>

Title: Regarding theft of animals and their illegal slaughtering.

श्री कँवर सिंह तँवर (अमरोहा) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान मीट व्यापार की ओर दिलाना चाहता हूं। मीट का कारोबार बढ़ने के कारण किसान के सामने पशुओं को बचाने की समस्या पैदा हो गयी है। आज किसान के पशु चोरी हो रहे हैं, मारे जा रहे हैं। आज कल दिन-दहाड़े पशुओं की छीना-झपटी हो रही है। किसानों के घर से पशुओं के चोरी होने की वारदातें बढ़ती जा रही हैं।

देश के हर कोने से दुधारू पशुओं के कटान को रोकने के लिए किसान आवाज उठा रहा है। अगर इसी तरह अवैध पशु कटान होता रहा, तो आने वाले समय में देश में दूध की गंभीर समस्या उत्पन्न हो जायेगी। हाल ही में मेरे लोक सभा क्षेत्र अमरोहा, ग्राम हैदलपुर मे कुछ लोग किसान नरेश को गोली मारकर उसके पशुओं को छीन कर ले गये। उस किसान की मौत उसी दिन हो गयी। आज पश्चिमी उत्तर प्रदेश, खासकर मेरे लोक सभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा पशु चोरी तथा अवैध कटान के मामले सामने आ रहे हैं। परन्तु उत्तर प्रदेश सरकार इसे रोकने में नाकाम हो रही है। किसान पशु चोरी की एफ.आई.आर. कराने जाते हैं, तो पुलिस उनकी एफ.आई.आर. भी नहीं लिखती है।

मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि वह पशु चोरी तथा पशुओं के बढ़ते हुए अवैध कटान को रोकने की कृपा करे।

HON. SPEAKER: Dr. Satya Pal Singh is permitted to associate with the matter raised by Shri Kanwar Singh Tanwar.